>

Title : Need to expedite the construction of Railway Over-bridge No. 86B on Saharanpur-Ambala railway line in Uttar Pradesh.

श्री जगदीश सिंह राणा (सहारनपुर): मेरे लोक सभा क्षेत्र सहारनपुर उत्तर प्रदेश के मुख्यालय में सहारनपुर-अम्बाला मुख्य रेल मार्ग के.आर.ओ.बी. संख्या 86बी की पहुंच मार्ग का निर्माण उत्तर प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन के द्वारा पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु रेलवे लाईन के ऊपर का हिस्सा रेलवे विभाग के द्वारा निर्मित होना है जो बहुत लम्बे समय से लम्बित पड़ा है, जिसकी वजह से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा रोज ट्रैफिक बाधित होने के कारण दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है।

अतः मौजूदा वित्त वÂर्ष में के. आर.ओ.बी. संख्या 86 बी को प्राथमिकता के आधार पर निर्मित किये जाने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें।